

# मुस्कानारिष्ट



अंग्रेजी की कक्षा में एक छात्र का ध्यान अध्यापक में कम और छात्राओं में ज्यादा था। जब अध्यापक से रहा न गया तब उसने छात्र को खड़ा किया और पूछा –

बताओ Problem (प्रॉब्लम), Talent (टेलेंट) और Skill (स्किल) में क्या अंतर है?

छात्र ने जवाब दिया –

सर– यदि दो लड़के एक ही लड़की से प्यार करें तो Problem है।

यदि एक लड़का दो लड़कियों से प्यार करे तो Talent है।

और यदि दोनों लड़कियाँ बहनें हों तो यह Skill है।

अपनी पत्नी का फोटो हमेशा अपने पर्स में रखें।

ऐसा क्यों?

यदि आप पर कोई बड़ी मुसीबत आ जाये तो पर्स खोलकर पत्नी की फोटो देखें। बड़ी मुसीबत आपको बहुत छोटी लगेगी।

बिहार की तत्कालीन मुख्यमंत्री ने अपने चीफ सेक्रेटरी से कहा कि पता करो कि हमारे यहाँ के छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित क्यों नहीं हो पाते? चीफ सेक्रेटरी ने गहन जाँच करायी व मैडम को बताया कि हमारे छात्रों की अंग्रेजी बहुत कमजोर होने से छात्र पीछे रह जाते हैं। मैडम ने ताबड़–तोड़ आदेश दिये कि अंग्रेजी पढ़ने की विशेष क्लासें ली जायें।

चीफ सेक्रेटरी महोदय ने विशेष किताबें छपवायीं। ये और बात थी कि ये उसी प्रेस से छपीं जहाँ से चीफ सेक्रेटरी की लड़की की शादी के कार्ड छपे थे। छः महीने बाद मैडम ने फिर आदेश दिये कि देखा जाये कि ''अंग्रेजी सिखाओ अभियान'' की क्या प्रगति है?

चीफ सेक्रेटरी स्वयं एक स्कूल का निरीक्षण करने एक कक्षा पहुँचे। बच्चों से पूछो क्यों बच्चों अंग्रेजी पढ़ाई जा रही है? सबने ज़ोर से कहा – हाँ! चीफ सेक्रेटरी ने ब्लेक–बोर्ड पर लिखा Nature और एक बच्चे से पूछा यह क्या है? सब बच्चों ने एक साथ बोला नटुरे। चीफ सेक्रेटरी आग बबूला हो गये। मास्टर से पूछा यह क्या पढ़ा रहे हो?

मास्साब ने हाथ जोड़कर जवाब दिया– सर! आपने इतनी कठिन किताबें भेज दीं, और बच्चे अभी इतने मटुरे (Mature) नहीं हैं।

चीफ सेक्रेटरी सीधे प्रिंसीपल के पास पहुँचे और उन्हें हाल सुनाया। प्रिंसीपल बोले– सर! क्या करें, आजकल के अध्यापकों को देश के फटुरे (Future) का भी ख्याल नहीं है।

गाँगुली का बेटा टी.वी. देख रहा होता है, तभी वह चिल्लाता है माँ जल्दी आओ देखो पापा कितने छक्के मार रहे हैं। माँ सब काम छोड़कर भागती हुई आती है और टी.वी. की तरफ देखकर बच्चे से कहती है क्यों परेशान करते हो तुम्हें समझ नहीं आता यह तो एडवर्टाईज़ है।

पति : जब मैं सूट पहनकर जाता हूँ तो सब्जी वाला मुझे महँगी सब्जी देता है, और जब मैं गन्दे कपड़े पहनकर जाता हूँ तो सस्ती देता है।

पत्नि : तो तुम कल से कटोरा लेकर जाना मुफ्त में देगा।

सन्ता–बन्ता जंगल में जा रहे होते हैं, सामने से शेर आ जाता है। शेर को देखकर दोनों डर जाते हैं।

बन्ता शेर की आँखें में मिट्टी झोंक कर भागने लगता है और सन्ता के कहता है भागो।

सन्ता : मैं क्यों भागूँ? मैंने थोड़े ही मिट्टी डाली है शेर की आँखों में।

दो दोस्त कहीं बैठे थे।

एक दोस्त सेल फोन पर बात कर रहा होता है।

दूसरा दोस्त पूछता है किससे बात कर रहे हो?

पहला दोस्त – बीवी से....

दूसरा दोस्त – (आश्चर्य से) इतने प्यार से.....

पहला दोस्त – हाँ! तुम्हारी है.... ●●●